C.S.C.P.J09

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : P-DTQ-J-MBX**

**TEST BOOKLET SERIES**

**A**

**Serial** № 0006649

# TEST BOOKLET

## LAW

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 300***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES *NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English.** Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet.*** You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. Which one of the following statements is ***not*** correct about the legal philosophy of Bentham ?
   (a) He pleaded for codification.
   (b) He condemned judge made law.
   (c) He felt that end of legislation is the greatest happiness of greatest number.
   (d) He supported custom as the major source of law.

2. Which one of the following jurists is known as the father of English Jurisprudence ?
   (a) Bentham
   (b) Friedmann
   (c) Ihering
   (d) Austin

3. According to Maine, which one of the following is the first social organization ?
   (a) Commonwealth
   (b) Pater familias
   (c) State
   (d) None of the above

4. Which one of the following schools of law emphasizes that law is a matter of unconscious and organic growth and therefore law is found and not made ?
   (a) Sociological school
   (b) Philosophical school
   (c) Historical school
   (d) Realist school

5. Arrange the following stages of development of law according to Maine :
   1. Customary law
   2. Law made by the ruler under divine inspiration
   3. Codification
   4. Knowledge of law in the hands of priests

   Select the correct order of development using the code given below :
   (a) 4 – 2 – 1 – 3
   (b) 2 – 1 – 4 – 3
   (c) 3 – 1 – 2 – 4
   (d) 4 – 3 – 2 – 1

6. Whose theory is based on the concept that both state and law are the evolutionary product of human reason ?
   (a) Hegel
   (b) Savigny
   (c) Maine
   (d) Salmond

7. Who, among the following, has propounded the doctrine of living law ?
   (a) Ehrlich
   (b) Savigny
   (c) Bentham
   (d) Karl Marx

8. According to Duguit, which one of the following is the most important fact of social cohesion ?
   (a) Entering into contract
   (b) Division of labour
   (c) Division of means of production
   (d) Distribution of legislative powers in three lists

9. Which one of the following theories is proposed by Gierke and supported by Maitland in explaining corporate personality ?
   (a) Concession theory
   (b) Fiction theory
   (c) Realist theory
   (d) Symbolist theory

10. Which one of the following is ***not*** the characteristic of natural law ?
    (a) Natural laws are dependent upon moral laws
    (b) Natural laws change according to the circumstances
    (c) Natural laws are not permanent
    (d) Natural laws are permanent

1. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन बेंथम के विधिक दर्शनशास्त्र के बारे में सही *नहीं* है ?
   (a) उन्होंने संहिताबद्ध करने की वकालत की ।
   (b) उन्होंने न्यायाधीश द्वारा बनाई गई विधि को अनुपयोगी कहा ।
   (c) उन्होंने महसूस किया कि विधान को खत्म करना अधिकतम लोगों के लिए अधिकतम सुख है ।
   (d) उन्होंने रूढ़ि को विधि का मुख्य स्रोत माना ।

2. निम्नलिखित में से कौनसे विधिवेत्ता को इंग्लिश विधिशास्त्र का जनक माना जाता है ?
   (a) बेंथम
   (b) फ्रिडमन
   (c) इहरिंग
   (d) ऑस्टिन

3. मेन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा एक, प्रथम सामाजिक संगठन है ?
   (a) राष्ट्रमंडल
   (b) कुल पिता
   (c) राज्य
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. निम्नलिखित में से कौनसी एक विधि विचारधारा इस पर बल देती है कि विधि एक अचेतन और जैविक विकास का विषय है और इसलिए विधि बनाई नहीं ढूँढ़ी जाती है ?
   (a) समाजशास्त्रीय विचारधारा
   (b) दार्शनिक विचारधारा
   (c) ऐतिहासिक विचारधारा
   (d) यथार्थवादी विचारधारा

5. मेन के अनुसार विधि के निम्नलिखित विकास के चरणों को क्रमबद्ध कीजिए :
   1. रूढ़िबद्ध विधि
   2. शासक द्वारा दैवी प्रेरणा से बनाई गई विधि
   3. संहिताकरण
   4. पुजारियों के पास विधि का ज्ञान

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर विकास के सही क्रम को चुनिए :
   (a) 4 – 2 – 1 – 3
   (b) 2 – 1 – 4 – 3
   (c) 3 – 1 – 2 – 4
   (d) 4 – 3 – 2 – 1

6. किसका सिद्धांत इस संकल्पना पर आधारित है कि राज्य और विधि दोनों ही मनुष्य की तर्कबुद्धि की विकासवादी उपज है ?
   (a) हीगल
   (b) सैविग्नी
   (c) मेन
   (d) सामॅन्ड

7. निम्नलिखित में से किसने विद्यमान (लिविंग) विधि के सिद्धांत को प्रतिपादित किया ?
   (a) इहरलिख
   (b) सैविग्नी
   (c) बेंथम
   (d) कार्ल मार्क्स

8. डुगुई के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा एक सामाजिक संसंजन का सबसे महत्त्वपूर्ण तथ्य है ?
   (a) संविदा करना
   (b) श्रम का विभाजन
   (c) उत्पादन के साधनों का विभाजन
   (d) विधायी शक्तियों का तीन सूचियों में वितरण

9. निम्नलिखित में से कौनसे सिद्धांत का समष्टि व्यक्तित्व की व्याख्या करने के लिए गिअर्के ने प्रस्ताव और मेटलैंड ने समर्थन किया ?
   (a) अनुमोदन सिद्धांत
   (b) कल्पना सिद्धांत
   (c) यथार्थवादी सिद्धांत
   (d) प्रतीकवादी सिद्धांत

10. निम्नलिखित में से कौनसी एक, नैसर्गिक नियम की विशेषता *नहीं* है ?
   (a) नैसर्गिक नियम नैतिक नियम पर आधारित हैं
   (b) नैसर्गिक नियम परिस्थितियों के अनुसार बदलते हैं
   (c) नैसर्गिक नियम स्थायी नहीं हैं
   (d) नैसर्गिक नियम स्थायी हैं

11. Which of the following statements with regard to custom and prescription is/are correct ?

1. Custom is based on long usage and prescription is based on the fiction of lost modern grant.
2. Custom is generally observed code of conduct and prescription is acquisition of a right or title and is personal in character.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

12. In which one of the following cases was it observed by the Supreme Court that precedent should not be petrified nor judicial dicta divorced from the socio-economic mores of the age ?

(a) Mamleshwar v. Kanahaiya Lal
(b) K.C. Dora v. G. Annamanaidu
(c) State of West Bengal v. Corporation of Calcutta
(d) Bengal Immunity Company Ltd. v. State of Bihar

13. Protection of lakes is an objective expressly stated in which one of the following ?

(a) Fundamental Duties
(b) Directive Principles of State Policy
(c) Fundamental Rights
(d) Eleventh Schedule to the Constitution

14. Consider the following statements regarding vested and contingent rights :

1. A vested right creates an immediate interest and is transferable and heritable.
2. A contingent right creates an immediate interest and is defeated when the required facts have not occurred.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

15. Who among the following has stated that rights spring from right ?

(a) Allen
(b) Whiteman
(c) Coke
(d) Blackstone

16. Who among the following stated that the only right which a man can possess is the right always to do his duty ?

(a) Kelsen
(b) Duguit and Comte
(c) Holland
(d) Salmond

17. Which one of the following is ***not*** a theory of corporate personality ?

(a) Fiction theory
(b) Realist theory
(c) Bracket theory
(d) Negative theory

18. A is a tenant in the house of B. Which one of the following is correct in the light of Savigny's theory ?

(a) A lacks possession because of the absence of animus in him.
(b) A has complete possession.
(c) A has incomplete possession because of the lack of corpus possession.
(d) A lacks possession because animus as well as corpus possession is missing.

19. Which among the following is/are the characteristics of ownership ?

1. Ownership contains a right of the owner to exclude others.
2. Ownership provides a power to alienate a thing or property.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से रूढ़ि और चिरभोग के सम्बन्ध में सही है/हैं ?

1. रूढ़ि लम्बे चलन पर आधारित है और चिरभोग विनष्ट आधुनिक अनुदान की कल्पना पर आधारित है ।
2. रूढ़ि सामान्यतः पालन की जाने वाली आचार संहिता है और चिरभोग अधिकार या हक़ का अर्जन है और निजी स्वरूप का है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

12. निम्नलिखित में से कौनसे एक वाद में उच्चतम न्यायालय ने संप्रेक्षण किया कि पूर्व निर्णयों को अश्मीभूत नहीं किया जाना चाहिए और न ही न्यायिक अभ्युक्तियों को समय के सामाजिक-आर्थिक लोकाचार से विच्छिन्न किया जाना चाहिए ?

(a) ममलेश्वर बनाम कन्हैया लाल
(b) के.सी. डोरा बनाम जी. अन्नामानायडू
(c) पश्चिम बंगाल राज्य बनाम कलकत्ता निगम
(d) बंगाल इम्यूनिटी कम्पनी लि. बनाम बिहार राज्य

13. झीलों का संरक्षण निम्नलिखित में से किस एक में स्पष्टतः कथित उद्देश्य है ?

(a) मूल कर्त्तव्य
(b) राज्य नीति के निदेशक तत्त्व
(c) मूल अधिकार
(d) संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची

14. निहित और समाश्रित अधिकारों से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निहित अधिकार तत्काल हित का सृजन करता है और अंतरणीय और दाययोग्य है ।
2. समाश्रित अधिकार तत्काल हित का सृजन करता है और अपेक्षित तथ्यों के न घटित होने पर विफल हो जाता है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

15. निम्नलिखित में से किसने कहा है कि अधिकार, अधिकार से ही उत्पन्न होते हैं ?

(a) ऐलेन
(b) व्हाइटमैन
(c) कोक
(d) ब्लैकस्टोन

16. निम्नलिखित में से किसने कहा है कि एकमात्र अधिकार जो किसी व्यक्ति के पास हो सकता है वह है कि वह सर्वदा अपने कर्त्तव्य का पालन करे ?

(a) केल्सन
(b) डुगुई और कोम्टे
(c) हॉलैंड
(d) सामॅन्ड

17. निम्नलिखित में से कौनसा एक, समष्टि व्यक्तित्व का सिद्धांत ***नहीं*** है ?

(a) कल्पना सिद्धांत
(b) यथार्थवादी सिद्धांत
(c) कोष्ठक सिद्धांत
(d) निषेधात्मक सिद्धांत

18. A, B के घर में किरायेदार है । सैविग्नी के सिद्धांत के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है ?

(a) A का क़ब्ज़ा नहीं है क्योंकि उसमें आशय का अभाव है ।
(b) A का पूर्ण क़ब्ज़ा है ।
(c) A का अपूर्ण क़ब्ज़ा है क्योंकि समग्र क़ब्ज़े का अभाव है ।
(d) A का क़ब्ज़ा नहीं है क्योंकि आशय और साथ ही समग्र क़ब्ज़ा नहीं है ।

19. निम्नलिखित में से कौनसी स्वामित्व की विशेषता है/हैं ?

1. स्वामित्व में स्वामी का दूसरों को अपवर्जित करने का अधिकार समाविष्ट है ।
2. स्वामित्व किसी चीज़ या सम्पत्ति को अन्यसंक्रामण करने की शक्ति देता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

20. Who, among the following, expressed the view that the Indian Constitution is federal in as much as it establishes what may be called a Dual Polity ?

(a) H.M. Seervai

(b) K.C. Wheare

(c) B.R. Ambedkar

(d) Ivor Jennings

21. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Indian Constitution provides for unified judicial system.

(b) Judiciary has power to scrutinize the acts of all branches of government.

(c) Independence of judiciary is built through elaborate constitutional scheme.

(d) Review of the constitutional amendments on substantive grounds is not permitted.

22. Consider the following statements :

1. The Preamble of the Constitution of India can be amended by the Parliament up to any extent barring the basic features.
2. The Preamble can be amended only by special majority and ratification by legislatures of $\frac{1}{2}$ (half) of the States.
3. The Preamble has no role to play in the interpretation of any provision of the Constitution.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 only

(c) 2 and 3 only

(d) 2 only

23. Fundamental Rights under the Constitution of India comprise of which of the following ?

1. Individual rights
2. Group rights

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

24. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Subject matter) | List II (Case) |
|---|---|
| A. Reservation in unaided private colleges | 1. E.V. Chinnaiah v. State of Andhra Pradesh |
| B. 27% reservation for OBCs in government services | 2. I.R. Coelho v. State of Tamil Nadu |
| C. Constitutional validity of laws included in the Ninth Schedule | 3. P.A. Inamdar v. State of Maharashtra |
| | 4. Indra Sawhney v. Union of India |

**Code :**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 |

20. निम्नलिखित में से किसने यह मत अभिव्यक्त किया है कि भारत का संविधान परिसंघीय है जहाँ तक यह ऐसी स्थापना करता है जिसे द्वैध राज्य-व्यवस्था कह सकते हैं ?

(a) एच.एम. सीरवाई

(b) के.सी. व्हीयर

(c) बी.आर. अम्बेडकर

(d) आईवर जेनिंग्स

21. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) भारत का संविधान एकीकृत न्यायप्रणाली का उपबंध करता है ।

(b) न्यायपालिका को सरकार की सभी शाखाओं के कार्यों की संवीक्षा करने का अधिकार है ।

(c) न्यायपालिका की स्वतंत्रता विस्तृत सांविधानिक योजना से निर्मित हुई है ।

(d) सांविधानिक संशोधनों का सारभूत आधारों पर पुनर्विलोकन अनुज्ञाप्राप्त नहीं है ।

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान की उद्देशिका का संसद द्वारा संशोधन बुनियादी विशेषताओं को छोड़कर किसी भी हद तक किया जा सकता है ।

2. उद्देशिका का संशोधन केवल विशेष बहुमत और आधे राज्यों के विधानमंडलों के अनुसमर्थन से हो सकता है ।

3. संविधान के किसी भी उपबंध का निर्वचन करने में उद्देशिका की कोई भूमिका नहीं होती है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 2

23. भारत के संविधान के मूल अधिकारों में निम्नलिखित में से कौन सा/से है/हैं ?

1. व्यक्तिगत अधिकार

2. सामूहिक अधिकार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

24. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (विषय-वस्तु)* | *सूची II (वाद)* |
|---|---|
| A. ग़ैर-सहायता प्राप्त निजी महाविद्यालयों में आरक्षण | 1. ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य |
| B. सरकारी सेवाओं में अन्य पिछड़ी जातियों के लिए 27% आरक्षण | 2. आई.आर. कोइल्हो बनाम तमिल नाडु राज्य |
| C. नवीं अनुसूची में सम्मिलित विधियों की सांविधानिक वैधता | 3. पी.ए. ईनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य |
| | 4. इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ |

<u>कूट :</u>

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 |

25. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Power of President) | | List II (Relevant Constitutional Provision) |
|---|---|---|
| A. Power to grant pardon | 1. | Article 76 |
| B. Executive power of the Union | 2. | Article 75 |
| C. Power to appoint Prime Minister | 3. | Article 53 |
| D. Appointment of Attorney General | 4. | Article 72 |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

26. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) In a cabinet form of government, neither the President nor the Government exercises the executive functions individually or personally.

(b) Executive action taken in the name of the Governor is the executive action of the State.

(c) The Governor cannot be held personally answerable for any portion of the address to the joint session.

(d) The Governor is bound to exercise all his powers and functions on the aid and advice of his Council of Ministers.

27. Which one of the following is correct with regard to the decision in D.C. Wadhwa v. State of Bihar case ?

(a) President is entitled to promulgate ordinance during the recess of the Parliament

(b) Colourable re-promulgation of ordinance is unconstitutional

(c) Article 123 empowers the President to issue successive ordinances

(d) Governor's power of re-issuance of ordinance cannot be questioned in the Court of Law

28. Which one of the following is ***not*** correct with regard to transfer of cases from the High Courts ?

(a) Cases involving same or substantially same question of law should be pending before Supreme Court and one or more High Courts

(b) Application requesting for transfer should be filed by Attorney General or any party to the case

(c) Transfer is possible when the Supreme Court on its own is satisfied that such question is of general importance

(d) Transfer of cases from one High Court to another is not permissible in any circumstance

29. Consider the following statements :

Judicial review under the Constitution of India

1. is a part of the basic structure of the Constitution.

2. can only be ousted or excluded by a Constitutional amendment.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

25. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (राष्ट्रपति की शक्ति)* | *सूची II (संगत सांविधानिक उपबंध)* |
|---|---|
| A. क्षमा प्रदान करने की शक्ति | 1. अनुच्छेद 76 |
| B. संघ की कार्यपालिका शक्ति | 2. अनुच्छेद 75 |
| C. प्रधान मंत्री को नियुक्त करने की शक्ति | 3. अनुच्छेद 53 |
| D. महान्यायवादी की नियुक्ति | 4. अनुच्छेद 72 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

26. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) मंत्रिमंडलीय स्वरूप के शासन में न तो राष्ट्रपति और न ही सरकार कार्यपालिका के कृत्यों का अकेले या व्यक्तिगत रूप से प्रयोग करता/ती है ।

(b) राज्यपाल के नाम में की गई कार्यपालिका कार्यवाही राज्य की कार्यपालिका कार्यवाही होती है ।

(c) राज्यपाल संयुक्त सत्र में दिए गए अभिभाषण के किसी भी हिस्से के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी नहीं होता है ।

(d) राज्यपाल अपने सभी अधिकारों और कृत्यों का प्रयोग मंत्रि-परिषद् की सलाह और सहायता से करने के लिए आबद्ध है ।

27. निम्नलिखित में से कौनसा एक डी.सी. वाधवा बनाम बिहार राज्य के वाद के निर्णय के संदर्भ में सही है ?

(a) राष्ट्रपति संसद के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने का हकदार है

(b) अध्यादेश का आभासी पुनर्प्रख्यापन असंवैधानिक है

(c) अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को आनुक्रमिक अध्यादेश जारी करने के लिए सशक्त करता है

(d) राज्यपाल की अध्यादेश को पुनः जारी करने की शक्ति पर न्यायालय में प्रश्न नहीं उठाया जा सकता

28. निम्नलिखित में से कौनसा एक, उच्च न्यायालयों से वाद के स्थानांतरण के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(a) वाद जिनके अंतर्ग्रस्त एक ही या सारभूत रूप से एक ही विधि प्रश्न हो उच्चतम न्यायालय और एक या अधिक उच्च न्यायालयों में लंबित होने चाहिए

(b) स्थानांतरण के अनुरोध का आवेदन महान्यायवादी या वाद के किसी पक्षकार द्वारा दाखिल किया जाना चाहिए

(c) स्थानांतरण तभी संभव है जब उच्चतम न्यायालय अपने आप से संतुष्ट हो कि वह प्रश्न सामान्य महत्त्व का है

(d) वाद का एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरण किसी भी परिस्थिति में संभव नहीं है

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत के संविधान के अधीन न्यायिक पुनर्विलोकन

1. संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा है ।
2. केवल सांविधानिक संशोधन से ही वर्जित किया जा सकता है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

30. Which of the following is ***not*** a function of the UPSC and State Public Service Commissions ?

1. Advising the appropriate governments on matters relating to methods of recruitment to civil services and for civil posts.
2. Consultation in creation of All India Services.
3. Consultation on disciplinary matters affecting a person serving the Government of India or of a person serving the Government of a State in a civil capacity.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2
(c) 2 only
(d) 2 and 3

31. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Doctrine)* | *List II (Related judgement)* |
|---|---|
| A. Doctrine of Repugnancy | 1. State of Bombay v. F.N. Balsara |
| B. Doctrine of Colourable Legislation | 2. Prafulla Kumar v. Bank of Commerce |
| C. Doctrine of Pith and Substance | 3. K.C.G. Narayan Deo v. State of Orissa |
| D. Doctrine of Harmonious Construction | 4. M. Karunanidhi v. Union of India |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

32. Consider the following statements :

1. Emergency is always imposed throughout the nation.
2. Emergency can be imposed not only on the grounds of actual war, external aggression or armed rebellion, but also in anticipation thereof.
3. Every proclamation of Emergency will not remain in force after one month unless it is approved by both the Houses of Parliament.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 2 and 3 only
(b) 1 and 2 only
(c) 3 only
(d) 1, 2 and 3

33. In which one of the following cases has the Supreme Court upheld the constitutional validity of the Constitution (93rd Amendment) Act introducing Article 15(5) ?

(a) M. Nagaraj v. Union of India
(b) Ashok Kumar Thakur v. Union of India
(c) T.M.A. Pai Foundation v. State of Karnataka
(d) Indra Sawhney v. Union of India

34. For constitutional amendment of which one of the following provisions, is ratification by not less than half of the State legislatures ***not*** required ?

(a) Lists in the Seventh Schedule
(b) Fundamental Rights (Part III)
(c) Representation of States in the Parliament
(d) Jurisdiction of the Supreme Court

30. निम्नलिखित में से कौन सा/से, संघ लोक सेवा आयोग और राज्य लोक सेवा आयोगों का/के कृत्य ***नहीं*** है/हैं ?

1. सिविल सेवाओं में और सिविल पदों के लिए भर्ती की पद्धतियों से सम्बन्धित विषयों पर उपयुक्त सरकारों को सलाह देना ।
2. अखिल भारतीय सेवाओं के सृजन के लिए परामर्श देना ।
3. ऐसे व्यक्ति पर, जो भारत सरकार या किसी राज्य की सरकार की सिविल हैसियत में सेवा कर रहा है, प्रभाव डालने वाले सभी अनुशासनिक विषयों पर परामर्श देना ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) केवल 2
(d) 2 और 3

31. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (सिद्धांत)* | | *सूची II (संबंधित निर्णय)* |
|---|---|---|---|
| A. | प्रतिकूलता का सिद्धांत | 1. | बम्बई राज्य बनाम एफ.एन. बलसारा |
| B. | आभासी विधान का सिद्धांत | 2. | प्रफुल्ल कुमार बनाम बैंक ऑफ कॉमर्स |
| C. | तत्त्व और सार का सिद्धांत | 3. | के.सी.जी. नारायण देव बनाम उड़ीसा राज्य |
| D. | सामंजस्यपूर्ण अर्थान्वयन का सिद्धांत | 4. | एम. करुणानिधि बनाम भारत संघ |

__कूट :__

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आपात हमेशा संपूर्ण राष्ट्र पर अधिरोपित होता है ।
2. आपात केवल वास्तविक युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के आधार पर ही नहीं अपितु इनके आभास होने पर भी अधिरोपित हो सकता है ।
3. हर आपात की उद्घोषणा एक माह के बाद प्रवर्तन में नहीं रहेगी जब तक कि उसे संसद के दोनों सदन अनुमोदित न कर दें ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

33. निम्नलिखित में से कौनसे वाद में उच्चतम न्यायालय ने संविधान (93वाँ संशोधन) अधिनियम की, जिसने अनुच्छेद 15(5) की पुरःस्थापना की, सांविधानिक वैधता को मान्य ठहराया ?

(a) एम. नागराज बनाम भारत संघ
(b) अशोक कुमार ठाकुर बनाम भारत संघ
(c) टी.एम.ए. पाइ फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य
(d) इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ

34. निम्नलिखित में से संविधान के कौनसे उपबंध के संशोधन के लिए कम-से-कम आधे राज्यों के विधान मंडल द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता ***नहीं*** है ?

(a) सातवीं अनुसूची में सूचियाँ
(b) मूल अधिकार (भाग III)
(c) राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व
(d) उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता

35. After which one of the following decisions of the Supreme Court, was the special provision for socially and educationally backward classes introduced by an amendment of the Constitution ?

(a) Balaji v. State of Mysore

(b) State of Madras v. Champakam Dorairajan

(c) E.P. Royappa v. State of Tamil Nadu

(d) Periakaruppan v. State of Tamil Nadu

36. What is the correct chronological order in which the following provisions were incorporated into the Constitution of India through amendments ?

1. Directive principle on free legal aid

2. Proviso to Article 335

3. Twelfth Schedule

4. Article 51 A (K)

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 – 3 – 2 – 4

(b) 2 – 1 – 4 – 3

(c) 2 – 3 – 4 – 1

(d) 4 – 2 – 1 – 3

37. Which one of the following jurists has been of the view that international law is not true law but positive international morality only, analogous to the rules binding a club or society ?

(a) Oscar Schachter

(b) John Austin

(c) D. Harris

(d) Louis Henkin

38. Which one of the following bodies has played a significant role in the codification of international law ?

(a) International Court of Justice

(b) Security Council of United Nations

(c) International Law Commission

(d) Trusteeship Council of United Nations

39. Which of the following is the effect of a unilateral declaration by a State to accept the principles of a treaty to which it is ***not*** a party ?

1. The State becomes a party to the treaty.

2. The State becomes bound by these principles.

3. The State will have an obligation to become a party to the treaty.

4. The declaration may create estoppel against the State.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 4

(c) 1 and 3

(d) 3 and 4

40. In India, treaty making is an

(a) Executive act only

(b) Legislative act only

(c) Judicial act

(d) Legislative as well as Executive act

35. निम्नलिखित में से उच्चतम न्यायालय के कौनसे निर्णय के बाद संविधान में संशोधन कर सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष उपबंध की पुरःस्थापना की गई ?

(a) बालाजी बनाम मैसूर राज्य

(b) मद्रास राज्य बनाम चंपकम दोरैराजन

(c) ई.पी. रोयप्पा बनाम तमिल नाडु राज्य

(d) पेरीअकरूप्पन बनाम तमिल नाडु राज्य

36. भारत के संविधान में संशोधन कर सम्मिलित किए गए निम्नलिखित उपबंधों का सही कालानुक्रम क्या है ?

1. निःशुल्क विधिक सहायता के विषय में निदेशक तत्त्व
2. अनुच्छेद 335 का परंतुक
3. बारहवीं अनुसूची
4. अनुच्छेद 51 क (ट)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 – 3 – 2 – 4

(b) 2 – 1 – 4 – 3

(c) 2 – 3 – 4 – 1

(d) 4 – 2 – 1 – 3

37. निम्नलिखित में से किस विधिवेत्ता के विचार से अंतर्राष्ट्रीय विधि सत्य रूप में विधि नहीं है अपितु निश्चयात्मक अंतर्राष्ट्रीय नैतिकता है जो केवल किसी क्लब या सोसाइटी पर बाध्यकारी नियमों के सदृश है ?

(a) ओस्कर शाख़टर

(b) जॉन ऑस्टिन

(c) डी. हैरिस

(d) लुइस हेन्किन

38. निम्नलिखित में से किस एक निकाय ने अंतर्राष्ट्रीय विधि को संहिताबद्ध करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है ?

(a) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

(b) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्

(c) अंतर्राष्ट्रीय विधि आयोग

(d) संयुक्त राष्ट्र न्यासी परिषद् (ट्रस्टीशिप काउंसिल)

39. एक राज्य द्वारा किसी संधि के, जिसका वह पक्ष ***नहीं*** है, सिद्धांतों को प्रतिग्रहण करने की एकपक्षीय घोषणा का निम्नलिखित में से क्या-क्या प्रभाव होगा ?

1. राज्य उस संधि का पक्ष बन जाएगा ।
2. राज्य इन सिद्धांतों से आबद्ध हो जाएगा ।
3. राज्य बाध्य होगा कि उस संधि का एक पक्ष बन जाए ।
4. उद्घोषणा राज्य के विरुद्ध विबंध पैदा कर सकती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) 2 और 4

(c) 1 और 3

(d) 3 और 4

40. भारत में संधि निर्माण

(a) केवल कार्यपालिका कार्य है

(b) केवल विधायी कार्य है

(c) न्यायिक कार्य है

(d) विधायी और कार्यपालिका दोनों कार्य हैं

41. *Pacta tertiis nec nocent nec prosunt* means

(a) Treaties do not impose obligations but confer rights on third state (not parties to the treaty)

(b) Treaties impose obligations and confer rights on third states

(c) Treaties impose obligations but do not confer rights on third states

(d) Treaties neither impose obligations nor confer rights on third states

42. Which of the following are examples of instant customary international law ?

1. Law of outer space
2. Law of treaties
3. Law relating to continental shelf
4. Law relating to territorial sea

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 3 and 4

(c) 2 and 4

(d) 1 and 3

43. Judicial decisions constitute

(a) primary source of international law

(b) subsidiary means for the determination of rules of law

(c) equitable principles

(d) merely moral principles

44. In which one of the following cases has it been laid down that retroactivity of recognition operates to validate acts of *de facto* government which has subsequently become the new *de jure* government and not to invalidate acts of the previous *de jure* government ?

(a) Adams v. Adams

(b) Carl Zeiss Stiftung case

(c) Civil Air Transport Inc. v. Central Air Transport Corporation

(d) Obschestvo A.M. Luther v. James Sagor and Co.

45. Which of the statements given below is/are correct ?

1. *De facto* recognition is extended to the regime which is in fact in control of the territory.
2. *De jure* recognition must always be preceded by *de facto* recognition.
3. *De jure* recognition must be conferred on the *de facto* government.
4. Recognition *de facto* implies a doubt on the stability and legitimacy of the government.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 4 only

46. Which one of the following theory/view supports the fact that the recognition is retrospective, i.e., it dates back to the day on which the state had come into existence ?

(a) Constitutive theory of recognition

(b) Declaratory theory of recognition

(c) The view that recognition is compulsory

(d) The view that illegal regimes need not be recognized

41. *पैक्टा टर्टिइस नेक नोसेन्ट नेक प्रोसन्ट* का अर्थ है

(a) संधियाँ इतर राज्यों (जो उस संधि के पक्षकार नहीं हैं) पर बाध्यताएँ अधिरोपित नहीं करतीं परन्तु उन्हें अधिकार प्रदान करती हैं

(b) संधियाँ इतर राज्यों पर बाध्यताएँ अधिरोपित करती हैं और उन्हें अधिकार प्रदान करती हैं

(c) संधियाँ इतर राज्यों पर बाध्यताएँ अधिरोपित करती हैं परन्तु उन्हें अधिकार प्रदान नहीं करतीं

(d) संधियाँ इतर राज्यों पर न तो बाध्यताएँ अधिरोपित करती हैं और न ही अधिकार प्रदान करती हैं

42. निम्नलिखित में से कौनसे तत्काल रूढ़िजन्य अंतर्राष्ट्रीय विधि के उदाहरण हैं ?

1. बाह्य अंतरिक्ष की विधि
2. संधि की विधि
3. महाद्वीपीय मग्नतट भूमि से सम्बन्धित विधि
4. राज्यक्षेत्रीय समुद्र से सम्बन्धित विधि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) 2 और 4
(d) 1 और 3

43. न्यायिक निर्णय

(a) अंतर्राष्ट्रीय विधि के प्राथमिक स्रोत बनाते हैं

(b) विधि के नियमों के अवधारण के लिए सहायक साधन बनाते हैं

(c) साम्यापूर्ण सिद्धांत बनाते हैं

(d) केवल नैतिक सिद्धांत बनाते हैं

44. निम्नलिखित में से किस एक वाद में यह अधिकथित किया गया कि मान्यता की पूर्वव्याप्ति वस्तुतः शासन के जो बाद में नया विधितः शासन बन जाता है, कार्यों को विधिमान्यता प्रदान करने के लिए प्रवर्तित होती है न कि पूर्ववर्ती विधितः शासन के कार्यों को अविधिमान्यता प्रदान करने के लिए ?

(a) एडम्स बनाम एडम्स

(b) कार्ल ज़िइस स्टिफ्टंग वाद

(c) सिविल एअर ट्रांस्पोर्ट इंक. बनाम सेंट्रल एअर ट्रांस्पोर्ट कॉर्पोरेशन

(d) ओबशेस्ट्वो ए.एम. लूथर बनाम जेम्स सागर एण्ड कम्पनी

45. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1. वस्तुतः मान्यता उस शासन को विस्तारित कर दी जाती है जिसका वास्तव में राज्यक्षेत्र पर नियंत्रण है ।
2. विधितः मान्यता से पहले हमेशा वस्तुतः मान्यता होनी चाहिए ।
3. वस्तुतः शासन को विधितः मान्यता प्रदान की जानी चाहिए ।
4. वस्तुतः मान्यता शासन के स्थायित्व और वैधता पर संदेह पैदा करती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 4
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 4

46. निम्नलिखित में से कौनसा एक सिद्धांत/विचार इस तथ्य का समर्थन करता है कि मान्यता भूतलक्षी होती है अर्थात् वह उस तिथि से प्रभावी है जब राज्य अस्तित्व में आया है ?

(a) मान्यता का गठनात्मक सिद्धांत
(b) मान्यता का घोषणात्मक सिद्धांत
(c) यह विचार कि मान्यता अनिवार्य है
(d) यह विचार कि अवैध शासन को मान्यता न दी जाए

47. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Judicial decision)* | | *List II (Principle)* | |
|---|---|---|---|
| A. | Reparations case | 1. | Estoppel |
| B. | Certain Expenses case | 2. | Recognition |
| C. | Temple of Preah Vihear case | 3. | Peace keeping operations |
| D. | Arantzazu Mendi case | 4. | International personality of UNO |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

48. Which one of the following is prohibited by Article 2(4) of the United Nations Charter ?

(a) Use of force by member states in their internal matters

(b) Threat to use force by member states against the UNO

(c) Use of force by non-member states

(d) Use of force or threat to use force by member states in their international relations

49. The expenses of the International Court of Justice are borne by the United Nations in such a manner as decided by the

(a) General Assembly

(b) Security Council

(c) International Court of Justice itself

(d) Secretary General of United Nations

50. Which one of the following can request International Court of Justice to give an advisory opinion ?

(a) State

(b) General Assembly

(c) International Law Commission

(d) Individual

51. Which of the following ensure continuity in the International Court of Justice ?

1. Elections to the Court are staggered.
2. Elections take place every three years with respect to five judges each time.
3. $1/3^{rd}$ (one-third) of the judges retire every three years.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1 and 3 only

52. Which one of the following is the successor to Human Rights Commission ?

(a) Human Rights Committee

(b) Amnesty International

(c) International Committee of Red Cross

(d) Human Rights Council

53. Which one of the following is the first instrument at the international level which conceptualizes human rights and provides an internationally agreed catalogue of human rights ?

(a) United Nations Charter

(b) Universal Declaration of Human Rights

(c) International Covenant on Civil and Political Rights

(d) International Covenant on Social, Economic and Cultural Rights

47. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (न्यायिक निर्णय) | | सूची II (सिद्धांत) |
|---|---|---|---|
| A. | रिपेरेशन्स वाद | 1. | विबंध |
| B. | सर्टेन एक्सपेंसेस वाद | 2. | मान्यता |
| C. | टेम्पल ऑफ प्रेयह् विहियर वाद | 3. | शांति बनाए रखने की संक्रियाएँ |
| D. | अरन्तज़ाज़ू मेन्डी वाद | 4. | संयुक्त राष्ट्र संघ का अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

48. निम्नलिखित में से क्या, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) द्वारा प्रतिषिद्ध है ?

(a) सदस्य राज्यों द्वारा अपने आंतरिक मामलों में बल का प्रयोग

(b) सदस्य राज्यों द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ को बल प्रयोग करने की धमकी

(c) ग़ैर-सदस्य राज्यों द्वारा बल का प्रयोग

(d) सदस्य राज्यों द्वारा अपने अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में बल प्रयोग या बल प्रयोग करने की धमकी

49. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के व्यय का वहन संयुक्त राष्ट्र द्वारा ऐसी रीति से किया जाता है जैसा कि

(a) महासभा द्वारा निर्णय किया जाए

(b) सुरक्षा परिषद् द्वारा निर्णय किया जाए

(c) स्वयं अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा निर्णय किया जाए

(d) संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा निर्णय किया जाए

50. निम्नलिखित में से कौन एक, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को सलाहकारी मत देने के लिए प्रार्थना कर सकता है ?

(a) राज्य

(b) महासभा

(c) अंतर्राष्ट्रीय विधि आयोग

(d) व्यष्टि

51. निम्नलिखित में से कौन, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में निरंतरता बने रहने को सुनिश्चित करता/करते है/हैं ?

1. न्यायाधीशों के निर्वाचन सांतर होते हैं ।
2. प्रत्येक बार पाँच न्यायाधीशों के लिए, हर तीसरे साल निर्वाचन होते हैं ।
3. एक-तिहाई न्यायाधीश हर तीसरे साल सेवानिवृत्त होते हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 1 और 3

52. निम्नलिखित में से कौनसा एक, मानवाधिकार आयोग का उत्तरवर्ती है ?

(a) मानवाधिकार समिति

(b) ऐम्नेस्टी इंटरनेशनल

(c) अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस समिति

(d) मानवाधिकार परिषद्

53. निम्नलिखित में से कौनसा एक, वह सर्वप्रथम उपकरण है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों की संकल्पना करता है और अंतर्राष्ट्रीय सहमति प्राप्त मानवाधिकार सूचीपत्र की व्यवस्था करता है ?

(a) संयुक्त राष्ट्र चार्टर

(b) मानवाधिकारों की सार्वभौमिक उद्घोषणा

(c) सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा

(d) सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा

54. What is the correct chronological order of the following human rights documents ?

1. Universal Declaration of Human Rights.
2. Convention on the Elimination of all forms of Discrimination Against Women.
3. Convention on the Rights of the Child.
4. International Covenant on Civil and Political Rights.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 – 2 – 3 – 4
(b) 1 – 4 – 2 – 3
(c) 2 – 4 – 1 – 3
(d) 4 – 1 – 2 – 3

55. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I* | *List II* |
|---|---|
| A. Case concerning the aerial incident of 10 August 1999 (Pakistan v. India) | 1. Jurisdiction under the optional system |
| B. Corfu Channel case | 2. Jurisdiction based on a bilateral treaty |
| C. Rights of passage case | 3. Forum prorogatum |
| D. Territorial Dispute case (Libya v. Chad) | 4. Jurisdiction on the basis of the UN Charter |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

56. Which one of the following instruments provides for the establishment of Human Rights Committee ?

(a) Universal Declaration of Human Rights
(b) United Nations Charter
(c) International Covenant on Civil and Political Rights
(d) International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights

57. A is dead drunk and yet decides to go for a joy ride along with his friends. He drives his newly imported car with high speed and is ***not*** able to control his vehicle when he passes through a busy shopping market causing instant death of three pedestrians. He is found to be in highly intoxicated state at the time of the accident and the speed of the car is found to be above 70 kms. For which one of the following offences can he be prosecuted ?

(a) Homicide caused by rash and negligent act
(b) Murder
(c) Culpable homicide not amounting to murder
(d) Causing grievous hurt by an act endangering life

58. Even if the harm to the plaintiff has been caused maliciously no action can lie for the same unless the plaintiff can prove that he has suffered legal injuries. In which one of the following cases was this principle enunciated ?

(a) Bradford Corporation v. Pickles
(b) Christie v. Davey
(c) Re Polemis case
(d) Holderness v. Goslin

**54.** निम्नलिखित मानवाधिकार दस्तावेज़ों का सही कालानुक्रम क्या है ?

1. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक उद्घोषणा ।
2. महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर अभिसमय ।
3. शिशु के अधिकारों के विषय में अभिसमय ।
4. सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 – 2 – 3 – 4

(b) 1 – 4 – 2 – 3

(c) 2 – 4 – 1 – 3

(d) 4 – 1 – 2 – 3

**55.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I* | | *सूची II* |
|---|---|---|---|
| A. | 10 अगस्त 1999 की आकाशी घटना के सम्बन्ध में वाद (पाकिस्तान बनाम भारत) | 1. | वैकल्पिक पद्धति के अधीन, अधिकारिता |
| B. | कोरफू चैनल वाद | 2. | द्विपक्षीय संधि पर आधारित अधिकारिता |
| C. | मार्ग के अधिकारों का वाद | 3. | फोरम प्रोरोगेटम |
| D. | राज्यक्षेत्रीय विवाद वाद (लीबिया बनाम चाड) | 4. | संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर आधारित अधिकारिता |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**56.** निम्नलिखित में से कौनसा एक उपकरण मानवाधिकार समिति की स्थापना करने की व्यवस्था करता है ?

(a) मानवाधिकारों की सार्वभौमिक उद्घोषणा

(b) संयुक्त राष्ट्र चार्टर

(c) सिविल एवं राजनैतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा

(d) आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा

**57.** A अत्यधिक नशे में है फिर भी अपने मित्रों के साथ घूमने जाने का निर्णय करता है । वह अपनी नई आयातित कार को बहुत तेज़ गति से चलाता है और जब भीड़-भाड़ वाले बाज़ार से गुज़रता है तो अपनी गाड़ी पर नियंत्रण करने में असमर्थ रहता है जिससे तीन पैदल यात्रियों की तत्काल मृत्यु हो जाती है । उसे दुर्घटना के वक्त अत्यधिक नशीली हालत में पाया गया तथा उसकी गाड़ी की रफ़्तार 70 किमी से ऊपर थी । निम्नलिखित में से किस एक अपराध के लिए उसे अभियोजित किया जा सकता है ?

(a) अंधाधुंध और उपेक्षापूर्ण कृत्य द्वारा कारित मानव वध

(b) हत्या

(c) आपराधिक मानव वध जो हत्या की कोटि में नहीं आता

(d) ऐसे कार्य द्वारा घोर उपहति कारित करना जिससे दूसरों का जीवन संकटापन्न हो जाए

**58.** चाहे वादी को विद्वेषपूर्वक ही अपहानि पहुँचाई जाए, न्यायालय में उसके लिए कार्रवाई नहीं लाई जा सकती जब तक कि वादी यह साबित न कर दे कि उसें विधिमान्य क्षति पहुँची है । निम्नलिखित में से कौनसे एक वाद में इस सिद्धांत को प्रतिपादित किया गया था ?

(a) ब्रैडफोर्ड कॉर्पोरेशन बनाम पिकल्स

(b) क्रिस्टी बनाम डेवी

(c) री पोलीमिस वाद

(d) होल्डरनेस बनाम गोस्लीन

59. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Defence)* | *List II (Decision)* |
|---|---|
| A. Inevitable accident | 1. Richards v. Lothian |
| B. Act of God | 2. Alexander v. North Eastern Railway |
| C. Justification by truth | 3. Nichols v. Marsland |
| D. Act of third party | 4. Stanley v. Powell |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

60. X, the owner of a car, asked his friend Y to drive the car to his office. As the car was near his (X's) office, it hit a pedestrian P on account of Y's negligent driving and injured him seriously. P sued X for damages. Which one of the following is correct regarding the above ?

(a) X is not liable as it was the negligence of Y

(b) The liability was solely of Y as X was not accompanying him

(c) As Y was driving under X's care and authority, X is liable

(d) X is not liable under the principle of inevitable accident

61. The standard of care generally used in cases of negligence is the

(a) skill and care of a professional person

(b) care taken by an intelligent and prudent man

(c) foresight of a prudent man

(d) skill and foresight of an ordinary person of prudence and competence

62. Two persons are said to be joint tort-feasors when

(a) a person on account of his negligence gives opportunity to another for committing a tort

(b) two or more persons are simultaneously involved in committing a wrong

(c) a tort is committed by two or more persons or any one of them when they are engaged in furtherance of a concerted purpose

(d) two persons together commit a tort

63. In which one of the following cases has the test of directness for determining the remoteness of damage been applied ?

(a) Donoghue v. Stevenson

(b) Re Polemis

(c) Wagon Mound No. 1

(d) Doughty v. Turner Manufacturing Co. Ltd.

59. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (प्रतिवाद) | सूची II (निर्णय) |
|---|---|
| A. अपरिहार्य दुर्घटना | 1. रिचर्ड्स बनाम लौथिएन |
| B. दैवी कृत्य | 2. अलेक्ज़ैंडर बनाम नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे |
| C. सच्चाई द्वारा न्यायौचित्य | 3. निकोल्स बनाम मार्शलैंड |
| D. अन्य व्यक्ति का कार्य | 4. स्टैन्ली बनाम पॉवेल |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

60. एक कार के मालिक X ने अपने मित्र Y को अपनी कार अपने दफ़्तर तक चलाने को कहा । जैसे ही कार X के दफ़्तर के पास पहुँची उसने Y द्वारा उपेक्षापूर्वक कार चलाने की वजह से एक पैदल यात्री P को टक्कर मारी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया । P ने X के विरुद्ध नुकसानी का वाद दाखिल किया । उपर्युक्त के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है ?

(a) X दायी नहीं है क्योंकि यह Y की उपेक्षा थी

(b) दायित्व पूर्णतः Y का था क्योंकि X उसके साथ नहीं था

(c) X दायी है, क्योंकि Y उसकी देखरेख और प्राधिकार में कार चला रहा था

(d) X अपरिहार्य दुर्घटना के सिद्धांत के अधीन दायी नहीं है

61. उपेक्षा के मामलों में साधारणतः लिया जाने वाला सावधानी का स्तर

(a) एक वृत्तिक व्यक्ति की कुशलता और सावधानी है

(b) एक बुद्धिमान और व्यवहार-कुशल व्यक्ति द्वारा ली जाने वाली सावधानी है

(c) एक व्यवहार-कुशल व्यक्ति की दूरदर्शिता है

(d) एक साधारण व्यवहार-कुशल और क्षमतावान व्यक्ति का कौशल व दूरदर्शिता है

62. दो व्यक्तियों को संयुक्त अपकृत्यकर्ता कहा जाता है जब

(a) एक व्यक्ति अपनी उपेक्षा के कारण दूसरे व्यक्ति को अपकृत्य करने का अवसर देता है

(b) दो या अधिक व्यक्ति एक दोषपूर्ण कार्य को करने में समसामयिक रूप से अंतर्ग्रस्त होते हैं

(c) एक अपकृत्य दो या अधिक व्यक्तियों या उनमें से किसी एक व्यक्ति द्वारा किया जाए जब वे सभी एक सम्मिलित प्रयोजन में लगे हुए हों

(d) दो व्यक्ति साथ मिलकर एक अपकृत्य करते हैं

63. निम्नलिखित में से कौनसे एक वाद में प्रत्यक्षता का परीक्षण नुकसान की परोक्षता को निश्चित करने के लिए लागू किया गया है ?

(a) डोनोगु बनाम स्टीवेंसन

(b) री पोलीमिस

(c) वैगन मौन्ड नं. 1

(d) डफ्टी बनाम टर्नर मैन्युफैक्चरिंग कं. लि.

64. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Judicial Principle) | List II (Decision) |
|---|---|
| A. *Injuria Sine Damno* | 1. Jones v. Boyce |
| B. *Damnum Sine Injuria* | 2. Davies v. Mann |
| C. Rule of last opportunity | 3. Ashby v. White |
| D. Doctrine of alternative danger | 4. Gloucester Grammar School case |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

65. The principle of absolute liability in the Indian tort law is applicable when damage is caused by the activity or escape of

(a) Hazardous material only

(b) Poisonous material

(c) Inherently dangerous material only

(d) Hazardous or inherently dangerous material

66. Consider the following decided cases on the tort of foreseeability :

1. Wagon Mound No. 1
2. Wagon Mound No. 2
3. Hughes v. Lord Advocate
4. Doughty v. Turner Manufacturing Co. Ltd.

Select the correct chronological order of the above cases, in which they were decided, using the code given below :

(a) 1 – 2 – 3 – 4

(b) 3 – 1 – 4 – 2

(c) 1 – 3 – 4 – 2

(d) 3 – 1 – 2 – 4

67. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Special Defence) | List II (Decision) |
|---|---|
| A. Reasonable restriction | 1. Cook v. Alexander |
| B. Contributory negligence | 2. Rajinder Kishore v. Durga Sahi |
| C. Absolute privilege | 3. Herd v. Weardale Steel, Coal and Coke Co. Ltd. |
| D. Qualified privilege | 4. Rural Transport Service v. Bezlum Bibi |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

64. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (न्यायिक सिद्धांत) | सूची II (निर्णय) |
|---|---|
| A. बिना हानि के क्षति | 1. जोन्स बनाम बॉयस |
| B. बिना क्षति के हानि | 2. डेवीस बनाम मान |
| C. अंतिम अवसर का नियम | 3. ऐश्बी बनाम व्हाइट |
| D. आनुकल्पिक संकट का सिद्धांत | 4. ग्लूसेस्टर ग्रामर स्कूल वाद |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

65. भारत की अपकृत्य विधि में आत्यंतिक दायित्व का सिद्धांत लागू होता है जब क्षति

(a) केवल परिसंकटमय सामग्री के क्रियाकलाप या छूट निकलने से होती है

(b) विषैली सामग्री के क्रियाकलाप या छूट निकलने से होती है

(c) केवल अंतर्निहिततः ख़तरनाक सामग्री के क्रियाकलाप या छूट निकलने से होती है

(d) परिसंकटमय या अंतर्निहिततः ख़तरनाक सामग्री के क्रियाकलाप या छूट निकलने से होती है

66. पूर्वकल्पनीयता के अपकृत्य के विषय में निम्नलिखित निर्णीत वादों पर विचार कीजिए :

1. वैगन मौन्ड नं. 1
2. वैगन मौन्ड नं. 2
3. ह्यूज़ बनाम लॉर्ड एडवोकेट
4. डफ्टी बनाम टर्नर मैन्युफैक्चरिंग कं. लि.

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उपर्युक्त वादों के निर्णीत होने का सही कालानुक्रम चुनिए :

(a) 1 – 2 – 3 – 4

(b) 3 – 1 – 4 – 2

(c) 1 – 3 – 4 – 2

(d) 3 – 1 – 2 – 4

67. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (विशेष प्रतिवाद) | सूची II (निर्णय) |
|---|---|
| A. युक्तियुक्त प्रतिबंध | 1. कुक बनाम अलेक्ज़ेंडर |
| B. योगदायी उपेक्षा | 2. राजिन्द्र किशोर बनाम दुर्गा साही |
| C. असीमित विशेषाधिकार | 3. हर्ड बनाम विअरडेल स्टील, कोल और कोक कं. लि. |
| D. सीमित विशेषाधिकार | 4. रूरल ट्रांसपोर्ट सर्विस बनाम बेज़लूम बीबी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

68. Which one of the following is the gist of the cause of action for tort of conspiracy ?

(a) An agreement between defendants to do an unlawful act

(b) An agreement and overt act by the defendants

(c) An agreement and overt act causing damage to the plaintiff

(d) Unlawful combination causing or not causing damage to the plaintiff

69. Which among the following are relevant for liability in the tort of conspiracy ?

1. Number of combiners
2. Purpose of the combiners
3. Intention of the combiners
4. Actions taken by the combiners

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 1 and 4

(d) 2 and 4

70. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Nature of tort) | List II (Ingredient) |
|---|---|
| A. Private nuisance | 1. Interest in land |
| B. Public nuisance | 2. Addressed to the eye |
| C. Libel | 3. No interest in land |
| D. Slander | 4. Addressed to the ear |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

71. For an action of nuisance, the following have been put up as defences :

1. The place is suitable for the purpose.
2. It is for the benefit of the locality.
3. It is done under statutory authority.

Which of the defences given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

72. Which one of the following elements is ***not*** necessary to have a private right of action in respect of a public nuisance ?

(a) The plaintiff must show a particular injury to himself beyond that which is suffered by the rest of the public

(b) The injury must be of a substantial character

(c) The nuisance must be caused by negligence

(d) The injury must be direct and not consequential injury

73. Which of the following remedies are available in an action in the tort of nuisance ?

1. Abatement
2. Injunction
3. Specific restitution
4. Action for damages

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 4 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

68. निम्नलिखित में से कौनसा एक, षड्यंत्र के अपकृत्य के लिए वाद-हेतुक आधार है ?

(a) प्रतिवादियों के बीच विधिविरुद्ध कार्य करने की सहमति
(b) प्रतिवादियों द्वारा सहमति और प्रत्यक्ष कार्य
(c) सहमति और प्रत्यक्ष कार्य जो वादी को हानि पहुँचाए
(d) विधिविरुद्ध संयोजन चाहे वादी को हानि पहुँचाए या नहीं

69. षड्यंत्र के अपकृत्य के दायित्व के लिए निम्नलिखित में से कौनसे सुसंगत हैं ?

1. संयोजकों की संख्या
2. संयोजकों का प्रयोजन
3. संयोजकों का आशय
4. संयोजकों द्वारा किए गए कार्य

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1 और 4
(d) 2 और 4

70. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (अपकृत्य का प्रकार)* | | *सूची II (अवयव)* |
|---|---|---|---|
| A. | प्राइवेट न्यूसेंस | 1. | भूमि में हित |
| B. | लोक न्यूसेंस | 2. | आँखों को सम्बोधित |
| C. | अपमान-लेख | 3. | भूमि में कोई हित नहीं |
| D. | अपमान-वचन | 4. | कानों को सम्बोधित |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

71. न्यूसेंस की कार्रवाई के लिए, निम्नलिखित प्रतिवाद पेश किए गए :

1. स्थान प्रयोजन के लिए उचित है ।
2. यह परिक्षेत्र की प्रसुविधा के लिए है ।
3. यह कानूनी प्राधिकार के अधीन किया गया है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से प्रतिवाद सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

72. निम्नलिखित में से कौनसा तत्त्व लोक न्यूसेंस के सम्बन्ध में कार्रवाई का प्राइवेट अधिकार होने के लिए ज़रूरी ***नहीं*** है ?

(a) वादी को अन्य लोगों को हुई क्षति से अधिक अपने आप को हुई विशिष्ट क्षति दिखाना आवश्यक है
(b) क्षति का सारवान् स्वरूप का होना आवश्यक है
(c) न्यूसेंस का उपेक्षा के कारण होना आवश्यक है
(d) क्षति प्रत्यक्ष होनी चाहिए न कि परिणामिक क्षति

73. निम्नलिखित में से कौनसे उपचार न्यूसेंस के अपकृत्य की कार्रवाई में उपलब्ध हैं ?

1. उपशमन
2. व्यादेश
3. विनिर्दिष्ट प्रत्यास्थापन
4. क्षतिपूर्ति के लिए कार्रवाई

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

74. Consider the following statements :

The *Actus reus* is made up of

1. human action which is usually termed 'conduct'.

2. the result of such act in the specified circumstances which is designated as 'injury'.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

75. Which of the following is the correct theoretical sequence in the commission of an offence ?

1. Physical element

2. Mental element

3. Forbidden consequence

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 – 2 – 3

(b) 2 – 1 – 3

(c) 3 – 2 – 1

(d) 3 – 1 – 2

76. *Locus poenitentiae* test is applied to trace which one of the following ?

(a) Criminal misappropriation

(b) Attempt

(c) Sedition

(d) Conspiracy

77. To whom, among the following, is the right of private defence, under Chapter IV of IPC, available ?

1. Only to the defender being a preventive right.

2. An aggressor, while facing action on the part of the defender which is excessive.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

78. P, with the intention of committing theft entered the house of Q. Q, on seeing him entering, struck him with a lathi and P fell down unconscious. Thereafter, Q gave him another blow of the lathi at his head which caused his death. On being prosecuted for murder, Q took the plea of private defence. Which of the following arguments is valid ?

(a) Since Q was acting in the exercise of his right of private defence of his property, he had taken a valid defence

(b) Since in the defence of one's property one cannot cause death of the intruder, Q has no defence

(c) Q has used excessive force as once P fell unconscious; there was no need for the second blow. Hence, Q's plea of right of private defence will not succeed

(d) If P committed house breaking in the night, Q has the right to cause death in the defence of his property, and thus Q's plea should prevail

**74.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

आपराधिक कार्य

1. मनुष्य के कार्य से, जिसे साधारणतः 'आचरण' कहते हैं, बनता है ।
2. विनिर्दिष्ट परिस्थितियों में किए गए उस कार्य के परिणाम से बनता है जिसे 'क्षति' के रूप में नामनिर्दिष्ट किया गया है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**75.** निम्नलिखित में से कौनसा एक अपराध के करने में सही सैद्धांतिक अनुक्रम है ?

1. शारीरिक तत्त्व
2. मानसिक तत्त्व
3. वर्जित परिणाम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 – 2 – 3

(b) 2 – 1 – 3

(c) 3 – 2 – 1

(d) 3 – 1 – 2

**76.** 'अपराध से विमुख होने के अवसर' के परीक्षण का अनुप्रयोग निम्नलिखित में से किसके अनुरेखण के लिए होता है ?

(a) आपराधिक दुर्विनियोग

(b) प्रयत्न

(c) राजद्रोह

(d) षड्यंत्र

**77.** निम्नलिखित में से किसको प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार, भारतीय दण्ड संहिता के अध्याय IV के अन्तर्गत प्राप्त है ?

1. केवल प्रतिरक्षक को, क्योंकि निवारक अधिकार है ।
2. आक्रामक को, जब प्रतिरक्षक द्वारा किए गए वार का सामना कर रहा हो जो अत्यधिक है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**78.** P चोरी करने के आशय से Q के घर में घुसा । Q ने उसे आता देखकर उस पर लाठी से प्रहार किया और P बेहोश होकर गिर गया । उसके बाद Q ने लाठी से उसके सिर पर एक और आघात किया जिससे उसकी मृत्यु हो गई । जब हत्या के लिए अभियोजन हुआ, तो Q ने प्राइवेट प्रतिरक्षा का अभिवाक् किया । निम्नलिखित में से कौनसा तर्क वैध है ?

(a) चूँकि Q अपनी सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग से कार्य कर रहा था, उसने एक वैध प्रतिवाद लिया

(b) चूँकि अपनी सम्पत्ति की रक्षा के लिए कोई किसी अतिक्रमणकर्ता की मृत्यु कारित नहीं कर सकता, Q के पास प्रतिवाद नहीं है

(c) Q ने अत्यधिक बल का प्रयोग किया है क्योंकि जब P बेहोश होकर गिर गया; तो दूसरे प्रहार की कोई आवश्यकता नहीं थी । इसलिए Q का प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का अभिवाक् सफल नहीं होगा

(d) यदि P ने रात के समय घर में सेंध लगाई है, तो Q को अपनी सम्पत्ति की रक्षा करने में हत्या करने का अधिकार है और Q का अभिवाक् अभिभावी होगा

79. Which one of the following is the correct group of offences against which right of private defence relating to property can be exercised ?

(a) Theft, Extortion, Robbery, Mischief

(b) Theft, Extortion, Mischief, Criminal Trespass

(c) Robbery, Mischief, Criminal Trespass, Extortion

(d) Theft, Robbery, Mischief, Criminal Trespass

80. Which one of the following statements is correct ?

For the purpose of Section 103 of IPC (causing death in the exercise of right of private defence for protection of property), there is

(a) no distinction between public property and private property.

(b) clear distinction between public property and private property.

(c) no right of private defence.

(d) no right of private defence at the attempt stage of causing of death.

81. Consider the following statements with respect to the analytical school of jurisprudence :

1. Law is posterior to State.
2. Law is what the ruler desires it to be.
3. Custom has no place in law.
4. Law should always conform to the popular consciousness.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 2 and 4 only

82. A instigates B to kill C by means of a letter sent through post. The abetment by instigation is complete

(a) as soon as the letter reaches the addressee

(b) as soon as the abettor posts the letter to the addressee

(c) as soon as the contents of the letter are known to the addressee

(d) even if the letter was sent at a wrong address

83. B, a man of unsound mind, sets fire to a dwelling house on A's instigation. Here, B is exempted from criminal liability (Section 84 IPC), but A is guilty of abetting mischief by fire with intent to destroy the house. The principle for this criminal liability may be explained by which one of the following explanations ?

(a) The abetment of an offence being an offence, the abetment of such an abetment is also an offence

(b) The person who has been instigated to commit an offence may not be liable under criminal law for his act because of his being of unsound mind at the time of committing the offence but the abettor shall be liable for abetment to commit mischief by fire

(c) To constitute offence of abetment it is not necessary that the act abetted should be committed

(d) It is not necessary to the commission of the offence by conspiracy that the abettor should work in concert with the person who commits it

79. निम्नलिखित में से कौनसा एक, अपराधों का सही समूह है जिसके विरुद्ध सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का प्रयोग हो सकता है ?

(a) चोरी, उद्दापन, लूट, रिष्टि

(b) चोरी, उद्दापन, रिष्टि, आपराधिक अतिचार

(c) लूट, रिष्टि, आपराधिक अतिचार, उद्दापन

(d) चोरी, लूट, रिष्टि, आपराधिक अतिचार

80. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही है ?
भारतीय दण्ड संहिता की धारा 103 (सम्पत्ति की रक्षा के लिए प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में मृत्यु कारित करना) के प्रयोजन के लिए

(a) लोक सम्पत्ति और प्राइवेट सम्पत्ति में कोई अन्तर नहीं है ।

(b) लोक सम्पत्ति और प्राइवेट सम्पत्ति में साफ अन्तर है ।

(c) प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार लागू नहीं होगा ।

(d) प्रयत्न की अवस्था पर मृत्यु कारित करने का प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार नहीं है ।

81. विधिशास्त्र की विश्लेषी शाखा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विधि राज्य से पश्चवर्ती है ।
2. विधि वही है जो शासक इसे होना चाहे ।
3. रूढ़ि का विधि में कोई स्थान नहीं है ।
4. विधि को हमेशा लोक चेतना के अनुरूप होना चाहिए ।

उपर्युक्त में से कौनसे कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 2 और 4

82. A डाक द्वारा पत्र भेजकर B को C की हत्या करने के लिए उकसाता है । उकसाने से दुष्प्रेरण संपूर्ण हो जाता है

(a) जैसे ही पत्र प्रेषिती के पास पहुँचता है

(b) जैसे ही दुष्प्रेरक ने प्रेषिती को पत्र को डाक में डाला

(c) जैसे ही प्रेषिती को पत्र की विषय-वस्तु का ज्ञान होता है

(d) चाहे पत्र एक ग़लत पते पर भेजा गया हो

83. A के उकसाने पर B, जो एक विकृत चित्त का व्यक्ति है, एक आवासीय मकान को आग लगा देता है । यहाँ B को आपराधिक दायित्व से छूट मिली है (धारा 84, भारतीय दण्ड संहिता), किन्तु A घर को आग से खत्म करने की रिष्टि के दुष्प्रेरण का दोषी है । इस आपराधिक दायित्व के सिद्धान्त को निम्नलिखित में से कौनसे स्पष्टीकरण से स्पष्ट किया जा सकता है ?

(a) अपराध का दुष्प्रेरण एक अपराध है, उस दुष्प्रेरण का दुष्प्रेरण भी एक अपराध है

(b) अपराध करने के लिए उकसाया गया व्यक्ति अपने कृत्य के लिए आपराधिक विधि के अधीन दायी न भी हो, क्योंकि अपराध को कारित करते समय वह विकृत चित्त था, परन्तु दुष्प्रेरक आग द्वारा रिष्टि करने के दुष्प्रेरण के लिए दायी होगा

(c) दुष्प्रेरण का अपराध बनने के लिए यह ज़रूरी नहीं है कि दुष्प्रेरित कार्य कारित किया जाए

(d) षड्यंत्र के अपराध के करने के लिए यह ज़रूरी नहीं है कि दुष्प्रेरक उस कार्य करने वाले के साथ मिलकर कार्य करे

84. X and Y conspire to poison Z. X in pursuance of the conspiracy procures the poison and delivers it to Y in order that he may administer it to Z. Y in pursuance of the conspiracy administers the poison in the presence of X and thereby causes Z's death. What offence, if any, has been committed by X and Y, respectively ?

(a) Y has committed the offence of murder and X was an abettor

(b) Both X and Y have committed the offence of criminal conspiracy

(c) X has committed the offence of murder and Y was an abettor

(d) Both X and Y have committed the offence of murder

85. Which of the following is/are correct ?

For an offence of extortion

1. it is necessary that the threat made and the property received be by one and the same person.

2. it is not necessary that the person who received threat and the person who delivered the property be one and the same person.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

86. Stealing one's own property is

(a) not at all an offence

(b) an offence under Section 403 of IPC

(c) an offence under Section 405 of IPC

(d) None of the above

87. In which one of the following cases did the Supreme Court explain the concept of grave and sudden provocation as a mitigating circumstance reducing the gravity of the offence from murder to culpable homicide not amounting to murder ?

(a) State v. Dasrath

(b) Jagroop Singh v. State of Haryana

(c) K.M. Nanavati v. State of Maharashtra

(d) Ujagar Singh v. Emperor

88. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Elements of offence) | List II (Type of offence) |
|---|---|
| A. Movable property obtained without consent | 1. Robbery |
| B. Movable property obtained without consent by instant violence | 2. Extortion |
| C. Movable property obtained with consent induced by fear | 3. Dacoity |
| D. Movable property obtained using instant violence by a gang of six persons | 4. Theft |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

84. X और Y ने Z को विष खिलाने का षड्यंत्र किया । X ने उस षड्यंत्र का अनुसरण करते हुए विष का प्रबन्ध किया और Y को दे दिया जिससे वह उसे Z को खिला सके । Y ने षड्यंत्र का अनुसरण करते हुए X की उपस्थिति में Z को विष खिलाया और उसके द्वारा Z की मृत्यु हो गई । X और Y ने क्रमशः क्या अपराध किया है, यदि कोई अपराध है ?

(a) Y ने हत्या का अपराध किया है और X एक दुष्प्रेरक था

(b) X और Y दोनों ने आपराधिक षड्यंत्र का अपराध किया है

(c) X ने हत्या का अपराध किया है और Y एक दुष्प्रेरक था

(d) X और Y दोनों ने हत्या का अपराध किया है

85. निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है/हैं ?

उद्दापन के अपराध के लिए

1. यह आवश्यक है कि धमकी देने वाला और सम्पत्ति पाने वाला व्यक्ति एक ही हो ।

2. यह आवश्यक नहीं है कि जिस व्यक्ति को धमकी दी गई और जिस व्यक्ति ने सम्पत्ति परिदत्त की वह एक ही हो ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

86. अपनी स्वयं की सम्पत्ति को चुराना

(a) कदापि अपराध नहीं है

(b) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 403 के अंतर्गत अपराध है

(c) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 405 के अंतर्गत अपराध है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

87. निम्नलिखित में से कौनसे एक वाद में उच्चतम न्यायालय ने गम्भीर और अचानक प्रकोपन की संकल्पना की व्याख्या, हत्या से हत्या की कोटि में न आने वाले आपराधिक मानव वध में अपराध की गंभीरता को कम करने वाली न्यूनीकरण परिस्थिति के रूप में की है ?

(a) राज्य बनाम दशरथ

(b) जगरूप सिंह बनाम हरियाणा राज्य

(c) के.एम. नानावती बनाम महाराष्ट्र राज्य

(d) उजागर सिंह बनाम एम्पेरर

88. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (अपराध के तत्त्व)* | *सूची II (अपराध का प्रकार)* |
|---|---|---|
| A. | बिना सहमति के जंगम सम्पत्ति प्राप्त करना | 1. लूट |
| B. | तत्काल हिंसा से बिना सहमति के जंगम सम्पत्ति प्राप्त करना | 2. उद्दापन |
| C. | भय से उत्प्रेरित सहमति लेकर जंगम सम्पत्ति प्राप्त करना | 3. डकैती |
| D. | छः व्यक्तियों की टोली द्वारा तत्काल हिंसा का प्रयोग कर जंगम सम्पत्ति प्राप्त करना | 4. चोरी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**89.** Consider the following :

1. Entrustment
2. Misappropriation or conversion to one's own use
3. Misappropriation, conversion or disposal with dishonest intention

In which one of the following offences are the above essential ingredients ?

(a) Cheating
(b) Criminal breach of trust
(c) Criminal misappropriation
(d) Extortion

**90.** A, a revenue officer, having dominion over public money by virtue of his office and is either directed by law, or bound by a contract, express or implied, with the government, to pay into a certain treasury all the public money which he holds. A dishonestly appropriates the money. Which one of the following offences has A committed under IPC ?

(a) Theft, Section 378 IPC
(b) Criminal breach of trust, Section 405 IPC
(c) Misappropriation of property, Section 403 IPC
(d) Robbery, Section 390 IPC

**91.** In cases of criminal misappropriation, the initial possession of the property is

(a) dishonest
(b) fraudulent
(c) innocent
(d) illegal

**92.** Taking property dishonestly from the dead body

(a) does not amount to any offence under IPC
(b) amounts to the offence of theft
(c) amounts to the offence of criminal misappropriation
(d) amounts to the offence of criminal breach of trust

**93.** The juristic concept of contract consists of

(a) free consent and capacity
(b) offer and acceptance
(c) consideration and undue influence
(d) agreement and obligation

**94.** Consider the following statements :

1. An agreement made without consideration is void.
2. Consideration should have some value in the eyes of the law.
3. Consideration has to be adequate.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 3 only
(c) 3 only
(d) 1 and 2 only

**95.** Consider the following statements :

1. An agreement in writing based on natural love and affection between near relatives is enforceable without consideration.
2. An agreement to which consent of the promisor is freely given is not void merely because the consideration is inadequate.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

89. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. सौंपा जाना
2. दुर्विनियोग या अपने स्वयं के उपयोगार्थ संपरिवर्तन
3. दुर्विनियोग, संपरिवर्तन या बेईमान आशय से व्ययन

निम्नलिखित अपराधों में से कौनसे एक अपराध के ये सब आवश्यक अवयव हैं ?

(a) छल
(b) आपराधिक न्यासभंग
(c) आपराधिक दुर्विनियोग
(d) उद्दापन

90. एक राजस्व अधिकारी A, जिसका अपने पद की वजह से लोक सम्पत्ति पर अधिक्षेत्र है और वह उस सब लोक धन को, जो उसके पास धारित है, एक निश्चित खजाने में जमा कर देने के लिए या तो विधि द्वारा निर्देशित है या सरकार के साथ अभिव्यक्त या विवक्षित संविदा द्वारा आबद्ध हैं । A उस धन को बेईमानी से विनियोजित कर लेता है । भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत A ने निम्नलिखित में से कौनसा एक अपराध किया है ?

(a) चोरी, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 378
(b) आपराधिक न्यासभंग, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 405
(c) सम्पत्ति का दुर्विनियोग, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 403
(d) डकैती, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 390

91. आपराधिक दुर्विनियोग के मामलों में, सम्पत्ति का प्रारम्भिक क़ब्ज़ा

(a) बेईमानी से है
(b) कपटपूर्वक है
(c) निर्दोष है
(d) अवैध है

92. मृत शरीर से बेईमानी से सम्पत्ति को लेना

(a) भारतीय दण्ड संहिता के अधीन किसी अपराध की कोटि में नहीं आता
(b) चोरी के अपराध की कोटि में आता है
(c) आपराधिक दुर्विनियोग के अपराध की कोटि में आता है
(d) आपराधिक न्यासभंग के अपराध की कोटि में आता है

93. संविदा की विधिक संकल्पना

(a) स्वतंत्र सम्मति और क्षमता से मिलकर बनी है
(b) प्रस्ताव और स्वीकृति से मिलकर बनी है
(c) प्रतिफल और अनुचित प्रभाव से मिलकर बनी है
(d) करार और बाध्यता से मिलकर बनी है

94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. बिना प्रतिफल के बनाया गया करार शून्य है ।
2. विधि की दृष्टि में प्रतिफल का कुछ मूल्य होना चाहिए ।
3. प्रतिफल को पर्याप्त होना ही चाहिए ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 3
(d) केवल 1 और 2

95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एक लिखित करार जो करीबी रिश्तेदारों के सहज प्यार और लगाव पर आधारित हो वह बिना प्रतिफल के प्रवर्तनीय है ।
2. एक करार जिसके लिए वचनदाता ने स्वतंत्रता से सम्मति दी है प्रतिफल के अपर्याप्त होने मात्र से शून्य नहीं होगा ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

96. Consider the following statements in respect of acceptance :

1. In case of telephonic conversation, the contract is complete when the acceptor speaks the words of acceptance.
2. Conditional or qualified acceptance is also an acceptance.
3. Acceptance should be in the usual prescribed manner.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2
(b) 2 and 3
(c) 3 only
(d) 1 and 3

97. X purchases a deep-freezer. As an 'offer', a free iron box was given as a gift along with the purchase. The iron box did not work properly and burnt X's expensive coat. Can X claim damages and ask for replacement of the iron box ?

(a) Yes, he can ask for replacement of the box but cannot ask for damages
(b) No, he cannot ask for anything as the iron box was given to him free. Hence there is no consideration
(c) Yes, he can ask for both damages and replacement
(d) None of the above

98. Consider the following statements :

1. An auctioneer's announcement to sell an artifact through auction on a certain day is not an offer but only an invitation to offer.
2. The highest bid in an auction is merely an offer which an auctioneer may or may not accept.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

99. X hands over her expensive saree for cleaning to a dry cleaner who loses the same. X claims the total value of the saree. The dry cleaner refers to a clause printed in the contract receipt which states that the dry cleaner can be held liable for Rs. 50 or 10% of the original value of the cloth only, whichever is less. Which one of the following propositions holds good to explain the correct position of law on the point ?

(a) The court generally does not entertain such frivolous cases
(b) The court will rely upon the clause in contract receipt and award only 10% of the cost of the saree (or Rs. 50 if it is less)
(c) The court will award reasonable damages, ignoring the clause as unreasonable
(d) None of the above

100. Which one of the following is prescribed by the maxim *ex nudo pacto non oritur actio* ?

(a) Doctrine of privity of contract
(b) Doctrine of consideration
(c) Doctrine of implied term
(d) None of the above

101. The acceptance given by A on B's invitation for lunch over phone is ***not*** a contract because of which one of the following ?

(a) The acceptance was given orally
(b) The parties did not talk face-to-face
(c) There is no intention to create a legal obligation
(d) Invitation cannot be proved in the court of law

96. स्वीकृति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. टेलीफोन से हुई बातचीत के मामले में, संविदा पूर्ण है जब स्वीकारकर्ता स्वीकृति के शब्द बोलता है ।
2. सशर्त और प्रतिबंधित स्वीकृति भी एक स्वीकृति है ।
3. स्वीकृति सामान्य विहित रीति से होनी चाहिए ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1 और 3

97. X ने एक डीप-फ्रीजर खरीदा । 'प्रस्ताव' के तौर पर, खरीद के साथ एक आयरन बॉक्स उपहार के रूप में मुफ्त में दिया गया । आयरन बॉक्स ने सही रूप से कार्य नहीं किया और उससे X का एक महँगा कोट जल गया । क्या X नुकसानी की माँग कर सकता है और आयरन बॉक्स को बदलने की माँग कर सकता है ?

(a) हाँ, वह बॉक्स को बदलने की माँग कर सकता है परन्तु नुकसानी की माँग नहीं कर सकता
(b) नहीं, वह कुछ भी नहीं माँग सकता क्योंकि आयरन बॉक्स उसे मुफ्त दिया गया था । इसलिए इसमें प्रतिफल नहीं है
(c) हाँ, वह नुकसानी की और बदलने की, दोनों की माँग कर सकता है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एक नीलामीकर्ता द्वारा एक निश्चित दिन पर नीलामी के द्वारा शिल्प-उपकरण बेचने की घोषणा करना एक प्रस्ताव नहीं है बल्कि केवल प्रस्ताव का आमंत्रण मात्र है ।
2. नीलामी में सबसे ऊँची बोली केवल एक प्रस्ताव है जिसे नीलामीकर्ता स्वीकृत करे या न करे ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

99. X ने अपनी एक महँगी साड़ी धुलाई के लिए ड्राईक्लीनर को दी जिसने उसे खो दिया । X ने साड़ी के संपूर्ण मूल्य की माँग की । ड्राईक्लीनर संविदा की रसीद पर छपे उस खण्ड को निर्दिष्ट करता है जिसमें कहा गया है कि ड्राईक्लीनर केवल 50 रु. या कपड़े के मूल मूल्य के 10% के लिए, जो भी कम है, दायी होगा । निम्नलिखित में से कौनसी एक प्रतिपादना इस विषय में विधि की सही स्थिति की व्याख्या में ठीक होगी ?

(a) न्यायालय अधिकतर इस तरह के तुच्छ मामलों को ग्रहण नहीं करता
(b) न्यायालय संविदा की रसीद पर छपे खण्ड पर निर्भर करेगा और साड़ी के केवल 10% मूल्य को (या 50 रु. अगर वह कम है) अधिनिर्णीत करेगा
(c) न्यायालय युक्तियुक्त नुकसानी के भुगतान का अधिनिर्णय करेगा और खण्ड के अनुचित होने की वजह से उस पर ध्यान नहीं देगा
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. निम्नलिखित में से कौनसा एक "बिना प्रतिफल के करार पर कोई कार्रवाई नहीं होती" के सूत्र पर विहित है ?

(a) संविदात्मक सम्बन्ध का सिद्धांत
(b) प्रतिफल का सिद्धांत
(c) विवक्षित निबंधन का सिद्धांत
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

101. A द्वारा B को टेलीफोन पर दिए गए भोजन के निमंत्रण की स्वीकृति निम्नलिखित में से किस एक के कारण संविदा ***नहीं*** होगी ?

(a) स्वीकृति मौखिक दी गई थी
(b) पक्षकारों ने आमने-सामने बात नहीं की थी
(c) उनका कोई विधिक बाध्यता बनाने का आशय नहीं है
(d) निमंत्रण न्यायालय में साबित नहीं हो पाएगा

**102.** Consider the following statements :

1. All the provisions of contract law are equally applicable to the State if it is entering into contract with an individual.

2. While entering into any contract, the State shall ***not*** discriminate between the individuals and provide equal opportunities as much as possible.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**103.** Consider the following statements :

1. A contract formed by coercion and undue influence is vitiated and voidable at the option of the party whose consent is so obtained.

2. A contract formed, where both the parties are under mistaken notion about the existence of the subject matter, is void.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**104.** Which among the following elements is ***not*** required in case of undue influence ?

(a) The parties stand in near relation to each other

(b) One party shall have the position of dominance over the other

(c) The party standing in a dominating position actually dominates the will of the other

(d) Parties are not necessarily related at all, they can be strangers meeting for the first time

**105.** X, the owner of a transport company, had an apprehension that his vehicles will be taken over by the government for election purposes. Despite that apprehension, he agrees to hire one of his buses to a marriage party. As the bus was taken over for election duty, he could not oblige the marriage party. Which one of the following propositions is correct in this regard ?

(a) X is not liable as the performance of contract has become impossible

(b) As the performance has become impossible the aggrieved party cannot seek compensation for the loss

(c) X need not even return the security deposit, if received

(d) X is liable as he was aware that the government might take over his buses but he did not bother to caution the other party

**106.** The new concept of equality as an antithesis of arbitrariness was propounded first by the Supreme Court in which one of the following cases ?

(a) Ramakrishna Dalmia v. Justice Tendolkar

(b) Maneka Gandhi v. Union of India

(c) E.P. Royappa v. State of Tamil Nadu

(d) State of West Bengal v. Anwar Ali Sarkar

**102.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य पर संविदा विधि के सभी उपबंध समान रूप से लागू होंगे अगर वह एक व्यक्ति के साथ संविदा कर रहा है ।

2. कोई भी संविदा करते समय राज्य को व्यक्तियों के बीच विभेद ***नहीं*** करना चाहिए और जहाँ तक हो सके समान अवसर प्रदान करना चाहिए ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**103.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रपीड़न और अनुचित प्रभाव से बनाई गई संविदा दूषित होती है और जिस पक्षकार की सहमति इस प्रकार ली गई है उसके विकल्प पर शून्यकरणीय होती है ।

2. जिस संविदा के बनाते समय दोनों पक्षकार भूल से बनी धारणा के अधीन हों कि विषय-वस्तु विद्यमान है, वह शून्य होती है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**104.** अनुचित प्रभाव के मामले में निम्नलिखित में से कौनसा एक तत्त्व आवश्यक ***नहीं*** है ?

(a) पक्षकारों का एक दूसरे का सगा सम्बन्धी होना

(b) एक पक्षकार का दूसरे पर प्राबल्य होना

(c) जो पक्षकार प्राबल्य की दशा में है उसका वास्तव में दूसरे की इच्छा पर प्रबल होना

(d) पक्षकारों का सम्बन्धी होना आवश्यक नहीं है, वे अपरिचित हो सकते हैं जो पहली बार मिल रहे हैं

**105.** एक ट्रांसपोर्ट कम्पनी के मालिक X को आशंका थी कि उसका वाहन शासन द्वारा निर्वाचन के प्रयोजनों के लिए ले लिया जाएगा । इस आशंका के बावजूद, वह अपनी एक बस को एक विवाह-बारात के लिए किराए पर देने का करार कर लेता है । क्योंकि उसकी बस निर्वाचन कार्य के लिए ले ली गई इसलिए वह विवाह-बारात को बस नहीं दे सका । इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसी एक प्रतिपादना सही है ?

(a) संविदा को पालन करना असंभव हो जाने के कारण X दायी नहीं है

(b) संविदा को पालन करना असंभव हो जाने के कारण व्यथित पक्षकार हानि के लिए प्रतिकर नहीं माँग सकता

(c) X ने अगर कोई प्रतिभूति निक्षेप लिया है तो उसे भी वापस करने की आवश्यकता नहीं है

(d) X दायी होगा क्योंकि उसे जानकारी थी की शासन उसकी बसें ले सकता है लेकिन उसने दूसरे पक्ष को आगाह नहीं किया

**106.** समानता के नए सिद्धांत को स्वेच्छाचारिता के प्रतिवाद (ऐन्टिथीसिस) के रूप में निम्नलिखित में से किस एक वाद में उच्चतम न्यायालय ने पहली बार प्रतिपादित किया ?

(a) रामकृष्ण डालमिया बनाम न्यायमूर्ति तेन्डूलकर

(b) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ

(c) ई.पी. रोयप्पा बनाम तमिल नाडु राज्य

(d) पश्चिम बंगाल राज्य बनाम अनवर अली सरकार

**107.** Which of the following is/are involved in wagering agreement ?

1. An uncertain event
2. Parties have no control over the event
3. Except the stake parties have no other interest in the event

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**108.** A, a married woman, agreed to live in adultery with B and also agreed to serve him as his house keeper. In return, B agreed to pay A Rs. 500 per month for living in adultery and Rs. 500 per month for house keeping. The agreement is

(a) valid

(b) void

(c) void as to the first object but valid with respect to the second object

(d) unlawful being opposed to public policy

**109.** Which of the following agreements may be enforced ?

1. A promises to paint a picture for B by a certain day and at a certain price. A dies before the day.
2. A agrees to pay B a sum of money if a certain ship does not return. The ship is sunk.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**110.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I* | *List II* |
|---|---|
| A. Satyabrata Ghosh v. Mugneeram | 1. Anticipatory breach of contract |
| B. West Bengal Financial Corporation v. Gluco Series | 2. Frustration of contract |
| C. Union of India v. Steel Authority of India | 3. Novation |
| D. Salima Jabeen v. National Insurance Co. | 4. Unjust benefit under mistake |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**111.** In which of the following situations is there a stipulation by way of penalty ?

1. A undertakes to repay B a loan of Rs. 1,000/- by five equal monthly instalments with a stipulation that, in default of payment of any instalment, the whole shall become due.
2. A borrows Rs. 100/- from B and gives him a bond for Rs. 200/- payable by five yearly instalments of Rs. 40/-, with a stipulation that, in default of payment of any instalment, the whole shall become due.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**107.** निम्नलिखित में से कौन सा/से पंद्यम् करार में शामिल है/हैं ?

1. एक अनिश्चित घटना
2. पक्षकारों का घटना पर कोई नियंत्रण न होना
3. बाज़ी के सिवा पक्षकारों का उस घटना में कोई और हित नहीं है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**108.** एक विवाहित महिला A, B के साथ जारता में रहने के लिए सहमत होती है और उसके घर की देखभाल करने की सेवा करने की भी सहमति देती है । इसके बदले में B, A को 500 रु. प्रति माह जारता में रहने के लिए और 500 रु. घर की देखभाल करने के लिए देने के लिए सहमत होता है । यह करार होगा

(a) वैध

(b) शून्य

(c) पहले उद्देश्य के लिए शून्य परन्तु दूसरे उद्देश्य के लिए वैध

(d) लोकनीति के विरुद्ध होने के कारण विधिविरुद्ध

**109.** निम्नलिखित में से कौनसे करार लागू कराए जा सकते हैं ?

1. A, B को एक निश्चित दिन तक और एक निश्चित कीमत पर चित्र बनाने का वचन देता है । A की उस दिन से पहले मृत्यु हो जाती है ।
2. A, B को एक निश्चित जहाज के न लौटने पर कुछ निश्चित राशि देने का करार करता है । जहाज डुबा दिया गया है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**110.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I* | | *सूची II* |
|---|---|---|---|
| A. | सत्यव्रत घोष बनाम मुगनीराम | 1. | प्रत्याशी संविदा भंग |
| B. | पश्चिम बंगाल फाइनेन्शिएल कॉर्पोरेशन बनाम ग्लूको सीरीज़ | 2. | संविदा का विफलीकरण |
| C. | भारत संघ बनाम स्टील एथॉरिटी ऑफ इंडिया | 3. | नवीयन |
| D. | सलीमा जबीन बनाम नेशनल इन्श्योरेंस कं. | 4. | भूल से अनुचित फायदा |

<u>कूट :</u>

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**111.** निम्नलिखित में से कौनसी परिस्थिति में शास्ति के तौर पर अनुबंध है ?

1. A, B को 1,000 रु. के ऋण का पाँच समान मासिक किस्तों में भुगतान करने का इस अनुबंध के साथ वचन देता है कि किसी किस्त के भुगतान में चूक होने पर पूरी राशि देय हो जाएगी ।
2. A, B से 100 रु. उधार लेता है और उसे 40 रु. के पाँच वार्षिक किस्तों द्वारा 200 रु. का बंधपत्र इस अनुबंध के साथ देता है कि किसी किस्त के भुगतान में चूक होने पर पूरी राशि देय हो जाएगी ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

112. Consider the following statements with regard to law of contract :

1. Presence of consideration is essential but the same should be adequate.

2. Inadequacy of consideration may be considered as evidence for the presence of undue influence.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

113. X applied for the post of Director in an organization. The governing body of the organization passed a resolution appointing him. After the meeting, one of the members of the governing body informed him privately of the resolution. Subsequently, the resolution was rescinded. X claims damages. Which one of the following is the correct legal proposition in the case ?

(a) X cannot claim damages as there was no formal communication

(b) X cannot claim damages as he had not resigned from his existing post in anticipation of getting the appointment letter

(c) X can claim damages as governing body cannot rescind the resolution once passed

(d) X can claim damages as there was private communication

114. Consider the following objectives of the law relating to damages :

1. Enrich the party who has sustained loss by breach of contract.

2. Punish the party who has committed the breach of contract.

3. Put the party, who sustained the loss, in the same position as if the contract has been performed.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1 and 2 only

115. Consider the following statements :

1. Void contract means an agreement which is perfectly valid at the inception but rendered void due to subsequent developments.

2. Void agreement is an agreement which is void from the inception.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**112.** संविदा विधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रतिफल की उपस्थिति आवश्यक है लेकिन वह पर्याप्त भी होनी चाहिए ।

2. प्रतिफल का अपर्याप्त होना अनुचित प्रभाव के होने का साक्ष्य माना जा सकता है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**113.** X ने एक संगठन में निदेशक के पद के लिए आवेदन किया । संगठन की शासी निकाय ने उसे नियुक्त करने का संकल्प पारित किया । बैठक के बाद, शासी निकाय के एक सदस्य ने उसे संकल्प के बारे में प्राइवेट रूप से सूचित किया । तत्पश्चात् संकल्प विखंडित कर दिया गया । X नुकसानी का दावा करता है । वाद में निम्नलिखित में से कौनसा एक सही विधिक प्रतिपादन है ?

(a) X नुकसानी का दावा नहीं कर सकता है क्योंकि यहाँ औपचारिक सूचना नहीं थी

(b) X नुकसानी का दावा नहीं कर सकता है क्योंकि उसने नियुक्ति पत्र प्राप्त होने की प्रत्याशा में वर्तमान पद से त्यागपत्र नहीं दिया है

(c) X नुकसानी का दावा कर सकता है क्योंकि शासी निकाय एक बार पारित संकल्प को विखंडित नहीं कर सकती

(d) X नुकसानी का दावा कर सकता है क्योंकि यहाँ पर प्राइवेट सूचना थी

**114.** नुकसानी के सम्बन्ध में विधि के निम्नलिखित उद्देश्यों पर विचार कीजिए :

1. जिस पक्षकार ने संविदा भंग होने से नुकसान उठाया है उसे समृद्ध करना ।

2. जिस पक्षकार ने संविदा भंग की है उसे दंडित करना ।

3. जिस पक्षकार को नुकसान हुआ है उसे उसी स्थिति में लाना जैसे संविदा का पालन किया गया हो ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3

(d) केवल 1 और 2

**115.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शून्य संविदा का मतलब है वह करार जो शुरूआत में बिल्कुल विधिमान्य होता है परन्तु बाद में हुई घटनाओं के कारण शून्य बन जाता है ।

2. शून्य करार वह करार है जो शुरूआत से ही शून्य होता है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

*Directions : The following five (5) items consist of two statements, one labelled as the 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the codes given below :*

**Codes :**

(a) Both A and R are individually true and R is the correct explanation of A

(b) Both A and R are individually true but R is ***not*** the correct explanation of A

(c) A is true but R is false

(d) A is false but R is true

**116.** *Assertion (A) :* Austin's concept of law is known as imperative theory.

*Reason (R) :* Austin emphasizes on the commanding character of law.

**117.** *Assertion (A) :* Refusal to issue a writ of *habeas corpus* under Article 226 does not bar the remedy for a similar writ under Article 32.

*Reason (R) :* The rule of *res judicata* is not applicable to the writ of *habeas corpus*.

**118.** *Assertion (A) :* A State law on any matter of Concurrent List prevails notwithstanding any repugnancy with an earlier law made by the Parliament.

*Reason (R) :* On any matter in the Concurrent List, the Parliament can make a law that prevails over any repugnant State law.

**119.** *Assertion (A) :* Contributory negligence in an accident is a defence to a charge in criminal law.

*Reason (R) :* The fact that the deceased was also negligent and contributed to the accident does not afford a defence to the driver.

**120.** *Assertion (A) :* The essence of joint liability under Section 149 of the IPC is that the criminal act must have been done with a view to fulfilling the common object of an unlawful assembly.

*Reason (R) :* Any sudden and provocative act done by a member of an unlawful assembly would render the other members of the assembly liable.

*निर्देश : आगामी पाँच (5) प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं । एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है । इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों का उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए :*

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) A सही है, परन्तु R ग़लत है

(d) A ग़लत है, परन्तु R सही है

**116.** *कथन (A) :* ऑस्टिन की विधि की संकल्पना आदेश सिद्धांत के रूप में जानी जाती है ।

*कारण (R) :* ऑस्टिन ने विधि के समादेश स्वरूप को महत्त्व दिया ।

**117.** *कथन (A) :* अनुच्छेद 226 में बंदी प्रत्यक्षीकरण की रिट को जारी करने से इंकार अनुच्छेद 32 में उसी रिट के लिए उपचार से वर्जित नहीं करता ।

*कारण (R) :* पूर्व न्याय का नियम बंदी प्रत्यक्षीकरण की रिट पर लागू नहीं होता ।

**118.** *कथन (A) :* समवर्ती सूची के विषय पर राज्य द्वारा बनाई गई विधि इस बात के होते हुए भी अभिभावी होगी कि वह संसद द्वारा बनाई गई किसी पूर्ववर्ती विधि के विरुद्ध है ।

*कारण (R) :* समवर्ती सूची के किसी भी विषय पर संसद विधि बना सकती है जो राज्य द्वारा बनाई गई किसी विधि के, जो उसके विरुद्ध है, ऊपर अभिभावी होगी ।

**119.** *कथन (A) :* दुर्घटना में योगदायी उपेक्षा आपराधिक विधि में आरोप का एक प्रतिवाद है ।

*कारण (R) :* यह तथ्य कि मृतक भी उपेक्षापूर्ण था और उसने भी दुर्घटना में योगदान दिया, चालक को प्रतिरक्षा नहीं प्रदान करता ।

**120.** *कथन (A) :* भारतीय दण्ड संहिता की धारा 149 के अंतर्गत संयुक्त दायित्व का तत्त्व है कि आपराधिक कार्य विधिविरुद्धः जमाव के सामान्य उद्देश्य को पूरा करने के लिए किया गया है ।

*कारण (R) :* विधिविरुद्धः जमाव के एक सदस्य द्वारा कोई तत्काल और प्रकोपी किया गया कार्य सभी सदस्यों को उत्तरदायी ठहरायगा ।

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**टी.बी.सी. : P-DTQ-J-MBX**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

# A

# परीक्षण पुस्तिका

# विधि

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर *और कुछ न* लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए *केवल एक ही* प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर *ही* अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.